

16 अक्टूबर 2023

# कमोडिटी मार्केट रिपोर्ट




moneywise. be wise.

## प्रमुख खबरें

- कनाडाई खनन कंपनी बैरिक गोल्ड ने 30 सितंबर को समाप्त तीन महीनों में प्रारंभिक सोने का कुल उत्पादन 1.04 मिलियन औंस किया है, जो पिछली तिमाही में 1.01 मिलियन औंस था।
- इंटरनेशनल कॉपर स्टडी ग्रुप के अनुसार, वैश्विक स्तर पर रिफाइंड तांबे का बाजार 2023 के पहले छह महीनों में 213,000 मीट्रिक टन के सरप्लस तक पहुंच गया, जबकि पिछले साल की समान अवधि में 196,000 टन की कमी थी।
- वैश्विक खनन कंपनी बीएचपी ने घोषणा की है कि उसने दुनिया के सबसे बड़े तांबे के भंडार पर हड़ताल से बचने के लिए चिली में अपनी एस्कोन्डिडा खदान में पर्यवेक्षकों के संघ के साथ एक प्रारंभिक समझौता किया है।
- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने अपनी मासिक तेल बाजार रिपोर्ट में, 2023 के लिए वैश्विक तेल मांग में वृद्धि के पूर्वानुमान को बढ़ा दिया, जबकि 2024 के लिए विकास पूर्वानुमान को घटाकर 880 हजार बैरल/दिन (पहले 1 मिलियन बैरल/दिन) कर दिया।
- रोसारियो ग्रेन एक्सचेंज ने कहा कि अर्जेंटीना में सोयाबीन की फसल 50 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंच सकती है, जबकि पहले 48 मिलियन टन का अनुमान लगाया गया था।
- ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी ब्यूरो के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया ने अगस्त में 359,392 टन कैनोला का निर्यात किया, जो जुलाई में भेजे गए 424,153 टन से 15 प्रतिशत कम है।
- भारत की खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में कम होकर 5.02% पर आ गयी। मुद्रास्फीति दो महीने के अंतराल के बाद भारतीय रिजर्व बैंक के 6% से नीचे के आरामदायक स्तर पर वापस आ गई है।
- अमेरिकी कृषि विभाग ने अपनी नवीनतम विज्ञप्ति में अनुमान लगाया है कि वर्ष 2023-24 के दौरान विश्व स्तर पर कपास का उत्पादन घटकर 116.84 मिलियन गांठ(1 गांठ 480 पाउंड/218 किलोग्राम का) रह सकता है।

## NCDEX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

| कमोडिटी | 06.10.23 | 12.10.23 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|
| बाजरा | 2110.00 | 2134.00 | 1.14% |
| ग्वारगम | 11231.00 | 11345.00 | 1.02% |
| जौ | 2057.50 | 2072.50 | 0.73% |
| ग्वारसीड | 5531.00 | 5543.00 | 0.22% |

## MCX में सबसे अधिक बढने वाली कमोडिटी

| कमोडिटी | 06.10.23 | 12.10.23 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|
| सोना | 56871.00 | 57918.00 | 1.84% |
| सोना एम | 56582.00 | 57613.00 | 1.82% |
| सोना पेटल | 5711.00 | 5801.00 | 1.58% |
| सोना गिनी | 45996.00 | 46447.00 | 0.98% |
| नेचुरल गैस | 275.90 | 278.50 | 0.94% |

## NCDEX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

| कमोडिटी | 06.10.23 | 12.10.23 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|
| हल्दी | 14424.00 | 12954.00 | -10.19% |
| जीरा | 58740.00 | 53605.00 | -8.74% |
| ग्वीरा | 46090.00 | 44710.00 | -2.99% |
| धनिया | 6870.00 | 6700.00 | -2.47% |
| कपास | 1662.00 | 1624.50 | -2.26% |

## MCX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

| कमोडिटी | 06.10.23 | 12.10.23 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|
| मेंथा ऑयल | 938.20 | 921.30 | -1.80% |
| एल्युमीनियम | 205.75 | 203.55 | -1.07% |
| लेड | 187.60 | 185.75 | -0.99% |
| तांबा | 705.90 | 699.90 | -0.85% |
| निकल | 1584.90 | 1584.10 | -0.05% |

## साप्ताहिक समीक्षा

कमोडिटी बाजारों में लगातार बिकवाली का दबाव रहा क्योंकि सीआरबी इंडेक्स लगातार चौथे सप्ताह गिरावट के साथ बंद हुआ। डॉलर इंडेक्स 107.34 की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद 106 के नीचे फिसल गया। इस बीच, अमेरिकी 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड 4.88% के बहु-वर्षीय उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद 4.6% से नीचे आ गया। हमास और इजराइल के बीच संघर्ष के कारण सर्राफा बाजार में सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ गई। हाल के कारोबारी सत्रों में 1823.5 डॉलर के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद अमेरिकी सोने की कीमतों में जोरदार उछाल दर्ज की गई और यह 1890 डॉलर के करीब बंद हुई। चाँदी में भी इसी तरह का कारोबार हुआ और केवल दो सप्ताह में 20.85 डॉलर के निचले स्तर से उबरकर 22.35 डॉलर पर पहुँच गई। इजराइल पर हमास के अचानक हमले के कारण कच्चे तेल की कीमतें शुरू में बढ़ीं लेकिन अंततः उन्होंने अपनी बढ़त खो दी और साप्ताहिक स्तर पर गिरावट के साथ बंद हुईं। इसके विपरीत, नेचुरल गैस की कीमतें स्थिर रही और व्यापारियों को आकर्षित करती रही। बुधवार को अमेरिकी पेट्रोलियम संस्थान के जारी आंकड़ों के अनुसार, कच्चे तेल और गैसोलीन के स्टॉक में अनुमान से अधिक बढ़ोतरी के कारण तेल की कीमतों में गिरावट बढ़ गई। अमेरिकी कच्चे तेल के भंडार में लगभग 12.9 मिलियन बैरल की वृद्धि हुई। यह रॉयटर्स पोल में विश्लेषकों द्वारा अपेक्षित 500,000-बैरल की बढ़त से कहीं अधिक था। गैसोलीन भंडार में भी 3.6 मिलियन बैरल की वृद्धि हुई। चीन ने पिछले सप्ताह अपने बाजार फिर से खोले, लेकिन इसका औद्योगिक धातुओं पर सीमित प्रभाव पड़ा, जिनमें से अधिकांश गिरावट के रुझान के साथ एक दायरे में कारोबार किया। ब्लूमबर्ग न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, चीन में नीति निर्माता जल संरक्षण परियोजनाओं जैसे बुनियादी ढांचे पर खर्च करने के लिए कम से कम 1 ट्रिलियन युआन (137 बिलियन डॉलर) अतिरिक्त सॉवरेन ऋण जारी करने पर विचार कर रहे हैं। लेकिन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में आवास संकट का असर औद्योगिक धातुओं की मांग के परिप्रेक्ष्य पर भी पड़ा। चीन के सबसे बड़े निजी संपत्ति डेवलपर कंट्री गार्डन ने मंगलवार को अपतटीय ऋण दायित्वों को पूरा करने में असमर्थता के बारे में चेतावनी दी।

कृषि क्षेत्र में, अरंडी की कीमतें लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट के साथ बंद हुई, जो 6004 के निचले स्तर पर पहुंच गई। कॉटनऑयलसीडकेक की कीमतों में लगातार तीसरे सप्ताह वृद्धि हुई, जो 2850 के स्तर पर पहुंच गई। बाजार में आवक बढ़ने के कारण कॉटन कैंडी और कपास वायदा की कीमतों में नरमी का रूझान रहा। कम उत्पादन अनुमान से ग्वार बाजार को बहुत जरूरी समर्थन मिला। मसालों के क्षेत्र में, निर्यात मांग में सुस्ती के कारण जीरा की कीमतों में भारी गिरावट हुई, जो केवल तीन सप्ताह में 62500 से गिरकर 54000 पर आ गई। सितंबर-23 में जीरा निर्यात में गिरावट हुई है क्योंकि वैश्विक बाजार में कीमतें तेज बढ़त के बाद अप्रतिस्पर्धी हो गई। भारतीय जीरे की वैश्विक मांग में गिरावट आई है क्योंकि अधिकांश खरीदारों ने भारत में जीरे की ऊंची कीमतों के कारण सीरिया और तुर्की जैसे अन्य स्थानों को प्राथमिकता दी है। हल्दी की कीमतों में गिरावट हुई और धनिया की कीमतें नरमी के रुझान के साथ एक दायरे में रही। मेंथा ऑयल की कीमतों में भी इसी तरह नरमी का रूझान रहा।

## हाजिर कीमतें

| कमोडिटी | स्थान | 06.10.2023 | 12.10.2023 | बदलाव( % ) |
|---|---|---|---|---|
| जौ | जयपुर | 2,051.70 | 2,069.00 | 0.84% |
| चना | दिल्ली | 6,255.15 | 6,412.35 | 2.51% |
| धनिया | कोटा | 7,161.75 | 7,039.15 | -1.71% |
| क्रूड पॉम ऑयल | कांडला | 763.55 | 765.15 | 0.21% |
| गुड़ | मुजफ्फरपुर | 1,275.95 | 1,277.35 | 0.11% |
| ग्वारसीड | जोधपुर | 5,626.95 | 5,610.90 | -0.29% |
| ग्वारगम | जोधपुर | 11,535.65 | 11,524.90 | -0.09% |
| जीरा | ऊंझा | 59,505.80 | 56,746.90 | -4.64% |
| सरसों | जयपुर | 5,779.60 | 5,816.60 | 0.64% |
| रिफाइंड सोया तेल | मुंबई | 867.50 | 872.50 | 0.58% |
| सोयाबीन | इंदौर | 4,648.80 | 4,674.10 | 0.54% |
| हल्दी | निजामाबाद | 14,058.60 | 13,638.15 | -2.99% |
| गेहूं | दिल्ली | 2,600.00 | 2,700.00 | 3.85% |
| कॉटन | कड़ी | 28,683.90 | 27,847.30 | -2.92% |
| कॉटनऑयलसीडकेक | अकोला | 2,640.15 | 2,681.60 | 1.57% |

## LME/ COMEX/ NYMEX में धातुओं की कीमत ( डॉलर में )

| कमोडिटी | एक्सचेंज | कॉन्ट्रैक्ट | 06.10.2023 | 12.10.2023 | बदलाव( % ) |
|---|---|---|---|---|---|
| एल्युमीनियम | LME | नकद | 2239.50 | 2200.00 | -1.76% |
| तांबा | LME | नकद | 8046.00 | 7991.00 | -0.68% |
| लेड | LME | नकद | 2143.50 | 2054.00 | -4.18% |
| निकल | LME | नकद | 18582.00 | 18728.00 | 0.79% |
| जिंक | LME | नकद | 2509.00 | 2449.50 | -2.37% |
| सोना | COMEX | अक्टूबर | 1845.20 | 1883.00 | 2.05% |
| चांदी | COMEX | सितम्बर | 21.62 | 21.85 | 1.08% |
| लाइट क्रूड | NYMEX | सितम्बर | 82.79 | 82.91 | 0.14% |
| नेचुरल गैस | NYMEX | सितम्बर | 3.34 | 3.34 | 0.18% |

## अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतें

| कमोडिटी | एक्सचेंज | कॉन्ट्रैक्ट | 06.10.2023 | 12.10.2023 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|---|---|
| सोयाबीन | CBOT | नवम्बर | 12.84 | 13.08 | 1.87% |
| सोया तेल | CBOT | दिसम्बर | 55.35 | 53.37 | -3.58% |
| कॉटन | ICE | दिसम्बर | 86.85 | 84.92 | -2.22% |
| सीपीओ | BMD | दिसम्बर | 3,600.00 | 3,638.00 | 1.06% |

## गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (NCDEX)

| कमोडिटी | यूनिट | 05.10.2023 क्वांटिटी | 12.10.2023 क्वांटिटी | अंतर |
|---|---|---|---|---|
| बाजरा | मी.टन | 211 | 664 | 453 |
| मक्का | मी.टन | 0 | 0 | 0 |
| कैस्टर सीड | मी.टन | 13200 | 11798 | -1402 |
| चना | मी.टन | 11375 | 10619 | -756 |
| धनिया | मी.टन | 28757 | 0 | -28757 |
| कॉटनऑयलसीडकेक | मी.टन | 16697 | 16770 | 73 |
| ग्वारगम | मी.टन | 21854 | 18128 | -3726 |
| ग्वारसीड | मी.टन | 72 | 57 | -15 |
| जीरा | मी.टन | 3042 | 3126 | 84 |
| मक्का | मी.टन | 0 | 0 | 0 |
| स्टील लॉन्ग | मी.टन | 432 | 422 | -10 |
| हल्दी | मी.टन | 1672 | 1846 | 174 |

## गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (MCX)

| कमोडिटी | यूनिट | 06.10.2023 क्वांटिटी | 12.10.2023 क्वांटिटी | अंतर |
|---|---|---|---|---|
| एल्युमीनियम | मी.टन | 920 | 777 | -143 |
| तांबा | मी.टन | 1541577 | 1433874 | -107703 |
| सोना | किग्रा | 562 | 491 | -71 |
| सोना मिनी | किग्रा | 4368 | 4368 | 0 |
| सोना गिनी | किग्रा | 343900 | 297400 | -46500 |
| लेड | किग्रा | 0 | 0 | 0 |
| चांदी (30 किग्रा बार) | किग्रा | 19786 | 18385 | -1402 |
| चांदी एम | किग्रा | 37513 | 37513 | 0 |
| जिंक | मी.टन | 0 | 0 | 0 |

## LME में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति(टन में)

| कमोडिटी | स्टॉक की स्थिति 06.10.2023 | स्टॉक की स्थिति 12.10.2023 | अंतर |
|---|---|---|---|
| एल्युमीनियम | 495650 | 490650 | -5000.00 |
| तांबा | 170475 | 181150 | 10675.00 |
| निकल | 43134 | 42984 | -150.00 |
| लेड | 84900 | 88075 | 3175.00 |
| जिंक | 92425 | 87025 | -5400.00 |

## ट्रेंड शीट

| एक्सचेंज | कमोडिटी | कांट्रेक्ट | बंद* भाव | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड | भाव के ट्रेंड में बदलाव | सपोर्ट | रेजिस्टेंस | क्लोजिंग स्टॉप लास |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **NCDEX** | **जीरा** | **नवम्बर** | **54720.00** | **10.10.23** | **मंदी** | **58000.00** | **-** | **59250.00** | **59500.00** |
| NCDEX | हल्दी | नवम्बर | 14158.00 | 20.09.23 | मंदी | 15000.00 | - | 15150.00 | 15200.00 |
| NCDEX | ग्वारसीड | नवम्बर | 5646.00 | 05.10.23 | तेजी | 5500.00 | 5450.00 | - | 5400.00 |
| NCDEX | कैस्टरसीड | नवम्बर | 6034.00 | 14.09.23 | मंदी | 6300.00 | - | 6250.00 | 6300.00 |
| NCDEX | स्टील लांग | नवम्बर | 45360.00 | 27.09.23 | मंदी | 46300.00 | - | 46560.00 | 46600.00 |
| NCDEX | कॉटनऑयलसीडकेक | नवम्बर | 2780.00 | 02.08.23 | तेजी | 2400.00 | 2650.00 | - | 2620.00 |
| MCX | मेंथा ऑयल | अक्टूबर | 921.30 | 27.09.23 | मंदी | 930.00 | - | 955.00 | 960.00 |
| **MCX** | **बुलडेक्स** | **अक्टूबर** | **15249.00** | **10.10.23** | **तेजी** | **15000.00** | **14830.00** | **-** | **14800.00** |
| **MCX** | **चांदी** | **दिसम्बर** | **69074.00** | **10.10.23** | **तेजी** | **69000.00** | **65660.00** | **-** | **65600.00** |
| **MCX** | **सोना** | **दिसम्बर** | **57918.00** | **10.10.23** | **तेजी** | **57500.00** | **57000.00** | **-** | **56900.00** |
| **MCX** | **तांबा** | **अक्टूबर** | **699.90** | **03.10.23** | **मंदी** | **700.00** | **-** | **729.50** | **730.00** |
| **MCX** | **लेड** | **अक्टूबर** | **185.75** | **10.10.23** | **मंदी** | **187.00** | **-** | **191.00** | **192.00** |
| MCX | जिंक | अक्टूबर | 220.20 | 03.10.23 | मंदी | 225.00 | - | 233.00 | 235.00 |
| MCX | एल्युमिनियम | अक्टूबर | 203.55 | 04.10.23 | मंदी | 206.00 | - | 212.50 | 213.00 |
| MCX | कच्चा तेल | नवम्बर | 6818.00 | 04.10.23 | मंदी | 6900.00 | - | 7450.00 | 7500.00 |
| MCX | नेचुरल गैस | अक्टूबर | 278.50 | 31.08.23 | तेजी | 230.00 | 235.00 | - | 230.00 |

*12/10/2023 का बंद भाव

नोट: 1. कभी-कभी आप पाओगे कि स्टॉप लॉस बहुत अधिक है लेकिन यदि हम स्टॉप लॉस को एक बार बदल दें तो हमें कमोडिटी में मजबूती आती दिखेगी ।उस स्थिति में स्टॉप लॉस अधिक होगा क्योंकि हम सप्ताहिक आधार पर ग्राफ को देखते है और लम्बे समय तक के रूझानों को लेते है।
2. इस सप्ताहिक ट्रेंड का मिलान रोजाना के ट्रेंड से नहीं किया जाना चाहिए जिसे प्रतिदिन सुबह को मार्निंग रिपोर्ट के नाम से ई मेल किया जाता है।

## टेक्निकल सुझाव

### नेचुरल गैस ( अक्टूबर ) एमसीएक्स



**नेचुरल गैस ( अक्टूबर ) एमसीएक्स उच्चस्तर: 289.00 निचला स्तर: 234.00**

एमसीएक्स में नेचुरल गैस (अक्टूबर) कॉन्ट्रैक्ट 12 अक्टूबर 2023 को 278.50 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 256.94 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 63.156 है। दोनों ही इंडिकेटर बिकवाली का संकेत दे रहे हैं।

**290.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 240.00 रू के टारगेट के लिए 268.00 रू से नीचे बिकवाली की जा सकती है।**

### ग्वारसीड ( नवम्बर ) एनसीडीईएक्स



**ग्वारसीड ( नवम्बर ) एनसीडीईएक्स उच्च स्तर: 6929.00 निचला स्तर: 5497.00**

एनसीडीईएक्स में ग्वारसीड (नवम्बर) कॉन्ट्रैक्ट 12 अक्टूबर 2023 को 5646.00 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 6194.10 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 29.105 है। दोनों ही इंडिकेटर खरीददारी का संकेत दे रहे हैं।

**5450.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 5900.00 रू के टारगेट के लिए 5600.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।**

### तांबा ( अक्टूबर ) एमसीएक्स



**तांबा ( अक्टूबर ) एमसीएक्स उच्च स्तर: 757.35 निचला स्तर: 747.40**

एमसीएक्स में तांबा (अक्टूबर) कॉन्ट्रैक्ट 12 अक्टूबर 2023 को 699.50 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 725.288 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 38.48 है। दोनों ही इंडिकेटर बिकवाली का संकेत दे रहे हैं।

**725.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 685.00 रू के टारगेट के लिए 710.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।**

# अगले सप्ताह में बाजार का रुख

## मसाले

भौतिक बाजार में कमजोर मांग के कारण पिछले सप्ताह अधिकांश समय में हल्दी की कीमतों में गिरावट हुई। प्रमुख उत्पादक राज्यों में फसल की स्थिति में सुधार के मद्देनजर कीमतों में फिर से गिरावट की उम्मीद में स्टॉकिस्ट और मिलें थोक खरीदारी से बच रही हैं। फसल की वृद्धि के लिए मौसम की स्थिति अनुकूल है जो उपज के लिए फायदेमंद होगी। लेकिन आवक कम होने से कीमतें स्थिर रहेंगी और नुकसान पर अंकुश लगेगा। पिछले साल की तुलना में अक्टूबर में कुल आवक कम रही है। अक्टूबर-23 के पहले 10 दिनों के दौरान प्रमुख एपीएमसी मंडियों में लगभग 3.4 हजार टन हल्दी की आवक हुई, जबकि पिछले वर्ष यह 4.2 हजार टन आवक हुई थी। कम उत्पादन के कारण वर्ष 2023-24 में हल्दी का अंतिम स्टॉक साल-दर-साल 20% घटकर 2.91 लाख टन होने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, बेहतर निर्यात अवसरों से कीमतों को मदद मिल सकती है, क्योंकि विकसित और उभरते दोनों देशों में बढ़ती मांग के कारण हल्दी निर्यात में 25% की वृद्धि हुई है। हल्दी की कीमतें नरमी के रुझान के साथ कारोबार करने की संभावना है और कीमतें 15900 के रेजिस्टेंस के साथ 12800 तक फिसल सकती हैं।

निर्यात में सुस्ती को लेकर व्याप्त चिंताओं के कारण जीरा वायदा कीमतों में लगातार पांचवें सप्ताह गिरावट बरकरार रही। इसके अलावा, घरेलू बाजार में धीमी खरीदारी से भी बाजार के सेंटीमेंट पर असर पड़ा क्योंकि कमजोर निर्यात पूछताछ ने स्टॉकिस्टों को कीमतों में हर उछाल पर अपने स्टॉक को जारी करने के लिए प्रेरित किया। जीरा की कीमतें 65900 की रिकॉर्ड ऊंचाई से अब तक लगभग 19% फिसलकर 55000 के स्तर के करीब पहुंच गई हैं। बाजार की नजर जीरा की आगामी बुआई गतिविधियों पर रहने की संभावना है, जो अक्टूबर में शुरू होने की संभावना है। मिट्टी में पर्याप्त नमी और फसल के लिए अनुकूल मौसम की स्थिति आने वाले दिनों में समग्र बुआई गतिविधियों को बढ़ावा देगी। जीरा का कमजोर निर्यात अभी भी निर्यातकों के लिए बड़ी चिंता का विषय है, जिससे कीमतों पर और असर पड़ेगा। सितंबर-23 में जीरा निर्यात में गिरावट हुई है क्योंकि वैश्विक बाजार में कीमतें तेज बढ़त के बाद अप्रतिस्पर्धी हो गईं। भारतीय जीरे की वैश्विक मांग में गिरावट आई है क्योंकि अधिकांश खरीदारों ने भारत में जीरे की ऊंची कीमतों के कारण सीरिया और तुर्की जैसे अन्य स्थानों को प्राथमिकता दी है। भारत ने जुलाई-23 में पिछले वर्ष के 19 हजार टन की तुलना में लगभग 7.1 हजार टन जीरा निर्यात किया। अप्रैल-23-जुलाई-23 के दौरान कुल जीरा निर्यात पिछले वर्ष के 63.3 हजार टन के मुकाबले 57.5 हजार टन बताया गया। आगामी महीनों में निर्यात में कमी रहने की संभावना है। लेकिन बाजार में गुणवत्तापूर्ण फसल की सीमित उपलब्धता से नुकसान कम रह सकता है। जीरा की कीमतों के 51800-59500 के दायरे में रहने की संभावना है।

मौजूदा स्तर पर सुस्त खरीदारी के कारण धनिया की कीमतों में गिरावट की संभावना है। प्रमुख व्यापारिक केंद्रों पर पर्याप्त स्टॉक से बाजार के सेंटीमेंट पर असर पड़ा। आगे बढ़ते हुए, बाजार की नजर आगामी बुआई गतिविधियों पर रहेंगी, जो अक्टूबर के अंत में शुरू होने की संभावना है। मौसम की स्थिति बुआई के लिए अनुकूल दिख रही है जिससे बुआई गतिविधियाँ सकारात्मक रूप से शुरू होंगी। लेकिन निर्यात मांग सक्रिय है और निर्यात में अधिक सुधार होने की उम्मीद है। अन्य उत्पादक देशों पर आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण वर्ष 2023 में धनिया निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। धनिया की कीमतों के 6400-7300 के दायरे में रहने की संभावना है।

## अन्य कमोडिटीज

आपूर्ति बढ़ने से कपास की कीमतों में गिरावट की संभावना है। कटाई गतिविधियों में प्रगति के साथ आवक में बढ़ोतरी शुरू हो गई है जिससे कीमतों पर दबाव रहेगा। भारतीय कपास निगम के अनुसार अक्टूबर 2023 में शुरू हुए फसल वर्ष 2023-24 के पहले 10 दिनों में कपास की आवक 6.14 लाख गांठ दर्ज की गई। इस बीच, कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने 2022-23 (अक्टूबर-सितंबर) सीजन के लिए फसल उत्पादन का अपना अंतिम अनुमान जारी किया और अपने पिछले अनुमान 31.1 मिलियन से थोड़ा अधिक 31.8 मिलियन गांठ (1 गांठ = 170 किलोग्राम) का अनुमान लगाया। इसके अलावा बाजार की नजर यूएसडीए द्वारा जारी नवीनतम विश्व कृषि आपूर्ति और मांग अनुमानों पर भी रहेगी, जिसमें शुरुआती स्टॉक को 10.3 मिलियन गांठ कम करके 82.8 मिलियन गांठ तक रहने का अनुमान है। अंतिम स्टॉक भी 89.96 मिलियन गांठ से घटकर 79.92 मिलियन गांठ रहने का अनुमान है। एमसीएक्स पर कॉटन (नवम्बर) की कीमतों के 57400-60500 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। इसी तरह, कपास (अप्रैल-24) वायदा की कीमतों में 1580-1690 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

कॉटनसीडऑयलकेक वायदा में मुनाफावसूली देखी जा सकती है, जिससे की कीमतें 2680 तक लुढ़क सकती है जबकि 2920 पर रेजिस्टेंस रह सकता है।

ग्वारसीड (नवंबर) वायदा की कीमतों के तेजी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार करने की उम्मीद है। राजस्थान में नई फसल की आवक बढ़ने लगी है और इसके और बढ़ने की संभावना है। कमजोर उत्पादन अनुमान के मद्देनजर स्टॉकिस्ट मौजूदा स्तर पर खरीदारी में रुचि दिखा रहे हैं। कम उत्पादन और अक्टूबर-दिसंबर में ग्वारगम की मौसमी मांग में वृद्धि की उम्मीद से कीमतों के आगे भी तेजी के रूझान के साथ कारोबार करने में मदद मिलने की संभावना है। ग्वारसीड की कीमतों को 5390 पर सपोर्ट रहने की संभावना हैं और 6150 के रेजिस्टेंस स्तर तक बढ़ने की उम्मीद है। ग्वारगम की कीमतों के 10300-12600 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

आपूर्ति घटने से मेंथा ऑयल की कीमतों में तेजी का रूझान रहने की संभावना है। आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण बाजार में किसी भी समय शॉर्ट कवरिंग देखने को मिल सकती है। लेकिन, मेन्थॉल की सुस्त निर्यात मांग से बढ़त सीमित रहेगी। भारत ने जुलाई, 2023 में पिछले वर्ष के 1.9 हजार टन की तुलना में लगभग 1.5 हजार टन मेन्थॉल का निर्यात किया। मेन्थॉल का कुल निर्यात अप्रैल-जुलाई-23 की अवधि के दौरान पिछले वर्ष के 5.2 हजार टन के मुकाबले 4.2 हजार टन हुआ है। मेंथा ऑयल (अक्टूबर) वायदा की कीमतों को 890 के करीब सपोर्ट मिलने की संभावना है और 970 पर रेजिस्टेंस रह सकता है।

घरेलू मांग में कमी के कारण अरंडी की कीमतों में गिरावट की संभावना है। गुजरात में फसल की बेहतर स्थिति और वर्ष 2023 में अरंडी के बुआई क्षेत्र में वृद्धि से अधिक उत्पादन की संभावनाओं से बाजार के सेंटीमेंट पर असर पड़ने की संभावना है। अरंडी (नवम्बर) वायदा की कीमतों के 5830-6200 के दायरे में रहने की संभावना है।

## सर्राफा

सोने की कीमतों में पिछले सप्ताह बढ़ोतरी हुई, जो सात महीनों में सबसे महत्वपूर्ण बढ़त है। यह उछाल मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और इस सेंटीमेंट से प्रेरित है कि अमेरिकी ब्याज दरें उच्चतम स्तर पर पहुंच सकती हैं, क्योंकि निवेशकों ने नवीनतम मुद्रास्फीति आंकड़ों का बारीकी से विश्लेषण किया है। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड और डॉलर ने पिछली बढ़त कम हो गई, जो पहले अमेरिकी उपभोक्ता कीमतों में सितंबर में वृद्धि के कारण बढ़ी थी और सोने की कीमतें दबाव पर पड़ा था। महंगाई के आंकड़े जारी होने से ठीक पहले सोना दो हफ्ते के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुका है। यह बढ़ावा प्रभावशाली नीति निर्माताओं द्वारा अपनाए गए अधिक नरम नीतिगत रुख का परिणाम था, जिन्होंने स्वीकार किया कि अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में हाल ही में वृद्धि ब्याज दरों में अधिक बढ़ोतरी को कम अनिवार्य बना सकती है। इस सप्ताह सोने की कीमतों में 2% से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई, जो मार्च के मध्य के बाद से सबसे बड़ी बढ़त है। निवेशकों ने सोने के सबसे बड़े उपभोक्ता चीन में हाल ही में मुद्रास्फीति के आंकड़ों को भी ध्यान में रखा। इन आंकड़ों ने उपभोक्ता कीमतों में नरमी और सितंबर महीने के अनुमान की तुलना में फैक्ट्री-गेट कीमतों में थोड़ी तेजी से गिरावट का संकेत दिया। इन दोनों संकेतकों ने बाजार में अपस्फीतिकारी दबावों की लगातार उपस्थिति को उजागर किया। यूरोपीय सेंट्रल बैंक के नीति निर्माताओं ने उम्मीद जतायी कि दरों में अधिक बढ़ोतरी के बिना भी मुद्रास्फीति 2% पर वापस आ रही है। सोने की कीमतों को 1900 डॉलर के करीब रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ रहा है, और इसके ऊपर जाने से कीमतों की दिशा तय होगी। 1960 डॉलर पर अगला रेजिस्टेंस है। यदि यह विफल रहता है, तो 1800 डॉलर तक गिरावट हो सकती है। चांदी की कीमतें भी सोने का अनुसरण कर सकती है और कीमतें 20.500 और 22.500 डॉलर के बीच कारोबार कर सकती है। इस सप्ताह में, एमसीएक्स पर सोने की कीमतों में 56,000 से 59,000 के बीच उतार-चढ़ाव होने की उम्मीद है। इसी तरह चांदी की कीमतों के 67,500 से 71,500 के दायरे में कारोबार करने का अनुमान है।

## एनर्जी कॉम्प्लेक्स

ईआईए की साप्ताहिक रिपोर्ट में अमेरिकी तेल बाजार में नरमी और बाद में कीमतों में गिरावट में योगदान देने वाले विभिन्न कारकों का संकेत के बाद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट हुई। रिपोर्ट में रिकॉर्ड उत्पादन और निर्यात में कमी के साथ-साथ 85.7% क्षमता पर काम करने वाली रिफाइनरियों की मांग में कमी के कारण 10.2 मिलियन बैरल की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ अमेरिकी तेल भंडार में वृद्धि देखी गई। अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से भी कीमतों पर नीचे की ओर दबाव पड़ा, क्योंकि उम्मीद से अधिक मुद्रास्फीति के आंकड़ों ने फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में एक और बढ़ोतरी की उम्मीदों को बढ़ा दिया। ईआईए ने अपने 2024 मांग वृद्धि अनुमान को एक मिलियन बैरल प्रति दिन वृद्धि के अपने पूर्व अनुमान से घटाकर 0.88 मिलियन बैरल प्रति दिन कर दिया। ईआईए ने अमेरिकी गैसोलीन की खपत में कमी पर प्रकाश डाला, जो अधिक कीमतों के बीच मांग में कमी का संकेत देता है, जबकि चीन, भारत और ब्राजील में मजबूत मांग वृद्धि के कारण अपने 2023 के मांग पूर्वानुमान को 0.1 मिलियन बैरल प्रति दिन तक बढ़ा दिया है। दूसरी ओर, ओपेक की मासिक तेल बाजार रिपोर्ट ने अपने 2023 और 2024 मांग अनुमानों को बरकरार रखा है, जिसमें इस साल 2.4 मिलियन बैरल प्रति दिन और 2024 में 2.2 मिलियन बैरल प्रति दिन की वृद्धि की उम्मीद है। आने वाले सप्ताह में कीमतों में दोनों तरफ का कारोबार देखने को मिल सकता है। कीमतों को 6650 के निकट सपोर्ट और 7280 के निकट रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है। ईआईए की अनुमान और ऐतिहासिक औसत से अधिक साप्ताहिक भंडारण रिपोर्ट के बाद, नेचुरल गैस की कीमतों में साइडवेज कारोबार हुआ। सहायक रिपोर्ट जारी होने के तुरंत बाद फ्रंट-महीने की वायदा कीमतें 3.400 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट से ऊपर आठ महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। लेकिन बाद में कीमतों में गिरावट हुई और वर्तमान में 0.3% गिरकर 3.365 डॉलर पर आ गई। इस सप्ताह में गैस की कीमतें 260 से 290 के बीच रह सकती है।

## बेस मेटल

चीन में मांग के बारे में लगातार चिंता के कारण बेस मेटल की कीमतें नरमी के रूझान के साथ कारोबार कर सकती हैं, क्योंकि, शीर्ष उपभोक्ता चीन में लगातार मांग की चिंता के कारण बेस मेटल मंदी के रुझान के साथ कारोबार कर सकते हैं। अल्पावधि में चीन में औद्योगिक मांग कमजोर बनी हुई है, जहां आंकड़ें संकेत नहीं दे रहा है कि इसकी अर्थव्यवस्था किसी भी सार्थक तरीके से आगे बढ़ रही है। चीन के संपत्ति संकट को स्थायी आर्थिक रिकवरी के लिए सबसे बड़ी बाधाओं में से एक के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि निजी डेवलपरों के बीच डिफॉल्ट के बढ़ते जोखिम से देश की वित्तीय और आर्थिक स्थिरता के खतरे में पड़ने की आशंका है। चीनी संपत्ति की दिग्गज कंपनी कंट्री गार्डन ने चेतावनी दी है कि ऑफशोर ऋण दायित्वों को पूरा करने की उसकी क्षमता को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी नीति निर्माता बुनियादी ढांचे पर खर्च के लिए कम से कम 1 ट्रिलियन युआन (136.95 बिलियन डॉलर) अतिरिक्त सॉवरेन ऋण जारी करने के साथ प्रोत्साहन के एक नए दौर पर विचार कर रहे हैं। तांबें की कीमतें 685-720 के दायरे में कारोबार कर सकती है। सीमा शुल्क आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर में चीन का तांबा आयात एक साल पहले की तुलना में 5.8% गिर गया, क्योंकि अधिक घरेलू उत्पादन और सीमित मांग ने विदेशी आपूर्ति को कम कर दिया। वैश्विक खनन कंपनी बीएचपी ने घोषणा की है कि उसने दुनिया के सबसे बड़े तांबे के भंडार पर हड़ताल से बचने के लिए चिली में अपनी एस्कोन्डिडा खदान में पर्यवेक्षकों के संघ के साथ एक प्रारंभिक समझौता किया है। इंटरनेशनल कॉपर स्टडी ग्रुप के अनुसार, वैश्विक स्तर पर रिफाइंड तांबे का बाजार 2023 के पहले छह महीनों में 213,000 मीट्रिक टन के सरप्लस तक पहुंच गया, जबकि पिछले साल की समान अवधि में 196,000 टन की कमी थी। जिंक की कीमतें 210-230 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। लेड की कीमतें 180-190 के दायरे में कारोबार कर सकती है। एल्युमीनियम की कीमतें 195-215 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। स्टील लॉन्ग (नवंबर) की कीमतों के 44000-47000 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है और बढ़त पर बेचने की रणनीति होनी चाहिए।

## घटनाक्रमों के साथ सोने की ऐतिहासिक कीमत में उतार-चढ़ाव

| अवधि | घटनाक्रम | स्पष्टीकरण | परिणाम |
|---|---|---|---|
| 1971 अगस्त | स्वर्ण मानक का अंत | अमेरिका ने सोने के मानक को त्यागते हुए डॉलर को एक निश्चित मूल्य (+35 प्रति औंस) पर सोने में परिवर्तित नहीं करने की घोषणा की, जिससे उतार-चढ़ाव वाले बाजार मूल्य पर सोने का व्यापार किया जा सकेष् | इसके बाद से सोना की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। |
| 1980 जनवरी | यूएसएसआर ने अफगानिस्तान में हस्तक्षेप किया और ईरानी क्रांति | निवेशकों ने भू-राजनीतिक अनिश्चितता के परिणामस्वरूप सोने को सुरक्षित निवेश के रूप में देखा। | सोना 850 डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। |
| अगस्त 1999 | केंद्रीय बैंक ने स्वर्ण भंडार की बिक्री शुरू की | वैश्विक वित्तीय परिदृश्य में ऋण विस्तार जोर पकड़ रहा था; मुद्राओं के अवमूल्यन के कारण केंद्रीय बैंक सोने के भंडार बेच रहे थे। | सोना 250 डॉलर के निम्न स्तर पर गिर गया। |
| 2008 सितंबर | लेहमैन ब्रदर्स का पतन | निवेशकों को वैश्विक वित्तीय संकट की पूरी सीमा का एहसास हुआ और अमेरिकी सरकार ने लेहमैन ब्रदर्स बैंक को सोने के भंडार का पुनर्निर्माण शुरू करने की अनुमति दी। | सोना बढ़कर 878.75 डॉलर पर पहुंच गया |
| 2011 सितंबर | यूरो क्षेत्र ऋण संकट | बेलआउट की बात और यूरो क्षेत्र के संभावित विघटन के कारण निवेशकों ने सोने में पैसा लगाया | सोना 1921.4 डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया |
| 2015 अगस्त | बैंकिंग का संकट कम हुआ | 2011 के बाद पूर्ण बैंकिंग संकट का डर कम हो गया, 2015 में सोने की कीमत में लगातार गिरावट आई | सोना गिरकर 1094.15 डॉलर पर आ गया। |
| 2016 जून | ब्रेक्सिट | ब्रिटेन ने यूरोपीय संघ छोड़ने के लिए मतदान किया जिससे सोने में तेजी आई। | सोना 1358.20 डॉलर तक पहुंच गया। |
| 2019 जून से सितंबर | आर्थिक धीमापन | फेड ने ब्याज दर में कटौती शुरू की, चीन और अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध, प्रमुख केंद्रीय बैंकों द्वारा खरीदारी शुरू हुई। | सोना बढ़कर 1553 डॉलर पर पहुंच गया। |
| 2020 | कोरोना महामारी | वैश्विक आर्थिक मंदी के डर से निपटने के लिए प्रमुख केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दर में कटौती करके शून्य के करीब कर दिया गया, जिससे सोने की कीमतों को समर्थन मिला। | सोना 2063 डॉलर तक पहुंच गया। |

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्त्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।